(5) E

(i) Printed Pages : 7]

(ii) Questions : 8]

Roll No. ................................

**Sub. Code : 0 2 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 3**

# B.A./B.Sc. (General) 3rd Semester Examination

# 1127

## HINDI

## Paper : (Elective)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 90**

**नोट :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(i) अब भी सुधारेंगे न हम दुर्दैव-वश अपनी दशा
तो नाम-शेष हमें करेगा काल ले कर्कश कशा!
बस टिमटिमाता दीख पड़ता आज जीवन-दीप है,
हा दैव! क्या रक्षा न होगी, सर्वनाश समीप है ?

(ii) हिमाद्रि तुंग शृंग से
प्रबुद्ध शुद्ध भारती-
स्वयं प्रभा समुज्ज्वला



http://questionpaperesult.com

Scanned by CamScanner

स्वतंत्रता पुकारती-
'अमर्त्य वीर-पुत्र हो, दृढ़-प्रतिज्ञा सोच लो,
प्रशस्त पुण्य पंथ है-बढ़े चलो बढ़े चलो'।

(iii) नव गति, नव लय, ताल-छन्द नव,
नवल कण्ठ, नव जलद-मन्दरव;
नव नभ के नव विहग-वृन्द को
नव पर नव स्वर दे!

(iv) दूर, छाया-तरु-वन में वास
न जग के हास-अश्रु ही पास
अरे, दुस्तर जग का आकाश,
गूढ़ रे छाया-ग्रथित प्रकाश;
छोड़ पंखों की शून्य उड़ान,
वन्य खग! विजन नीड़ के गान! 5+5=10

(ख) जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला की 'रानी और कानी' कविता का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए। 8

2. (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सुनो, जब तक खरीदना धर्म है, बिकना धर्म बना रहेगा। यही एक के प्रति धर्म करने के लिए दूसरों के प्रति



अधर्म करना पड़े, तो जिसे हम धर्म समझते हैं वह अधर्म है। मुझे वह भी स्वीकार है। सबके कल्याण के लिए भी झूठ बोलना पड़े तो वह धर्म नहीं, अधर्म ही रहेगा...... फिर भी मुझे स्वीकार है। एक ही शक्ति दूसरों को मुक्ति देगी, यह झूठ है। उस मुक्ति में परतंत्रता के बीज होंगे, फिर भी मुझे स्वीकार है।

**अथवा**

सुनो हरिश्चन्द का संवाद। ना मैं अमर हूँ, ना ही मैं स्वर्ग गया। जीवन भर नरक की आग में जलकर दी अपने चरित्र की परीक्षा। तुम कहते हो मैं सफल हो गया सत की परीक्षा में! पर मुझे कल फिर परीक्षा देनी होगी अपने सत की। और आज का परीक्षाफल कल नहीं आएगा काम। इसलिए मुझे यहीं रहना होगा कल की परीक्षा के लिए। 5

(ख) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक के आधार पर 'देवधर' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

'एक सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। नाटक से उद्धरण देते हुए अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। 8

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उत्तर के लिए शब्द-सीमा है **50 शब्द**) :

(i) 'सोचा कवि ने' कविता में कौनसा कवि सोच रहा है और क्या ?



http://questionpaperesult.com

Scanned by CamScanner

(ii) 'दो मित्र' कविता में कवि ने दोनों वृक्षों को मित्र क्यों कहा है ?

(iii) 'सिद्धार्थ' कविता में सिद्धार्थ की चिन्ता का कारण क्या है ?

(iv) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक में नाटककार ने काशी के बाज़ार का वर्णन किन शब्दों में किया है ? संक्षेप में बताइए।

(v) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक में रोहित की मृत्यु कैसे होती है ?

(vi) देवधर मिस पद्मा को क्या निर्देश देकर 'सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक में शैव्या का पार्ट करने के लिए भेजता है ? 3×3=9

4. रीतिकालीन कविता की प्रमुख विशेषताओं का उदाहरण-सहित परिचय दीजिए।

**अथवा**

रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि 'बिहारी' का साहित्यिक परिचय विस्तार सहित दीजिए। 8

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'आर्यभाव' कविता मैथिलीशरण गुप्त जी की किस रचना से ली गई है ?

(ii) 'आँसू' कविता के कवि कौन हैं ?

(iii) 'जाग री' कविता में कौन 'कुल-कुल' सा बोल रहा है ?



(iv) 'जुही की कली' कहाँ सोई हुई थी ?

(v) 'दो मित्र' कविता सुमित्रानंदन पंत जी की किस रचना से ली गई है ?

(vi) 'वाचाल' कविता में पुत्र को कौनसा पक्षी अच्छा नहीं लगता है ?

(vii) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक की प्रस्तावना में पुरोहित किसे दुत्कार कर दूर भगा देता है ?

(viii) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक में 'नारद' की भूमिका कौन निभाता है ?

(ix) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक में रोहित को कौन खरीदता है ?

(x) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक के अंत में हरिश्चन्द्र की भूमिका निभा रहा लौका इन्द्र द्वारा दिए गए किस पुरस्कार को ठुकरा देता है ?

(xi) 'घनानन्द' रीतिकाल की किस काव्यधारा के कवि हैं ?

(xii) रीतिकाल के दो ऐसे कवियों के नाम बताइए जिन्होंने वीर रस की कविता लिखी।

(xiii) रीतिबद्ध काव्यधारा के दो प्रमुख कवियों के नाम बताइए।

(xiv) 'मिश्रबंधुओं' ने रीतिकाल को क्या नाम दिया ?

(xv) 'आचार्य रामचन्द्र शुक्ल' ने रीतिकाल को अन्य क्या नाम दिया ? 10×1=10



http://questionpaperesult.com

Scanned by CamScanner

6. नाटक के तत्त्वों का विस्तार सहित वर्णन कीजिए।

**अथवा**

नाटक के विभिन्न भेदों-उपभेदों का परिचय दीजिए। 7

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए :

(क) निम्नलिखित समाकृति भिन्नार्थक शब्द-युग्मों में से किन्हीं **तीन** का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :

(i) जरा – ज़रा

(ii) सूचि – सूची

(iii) चित्त – वित्त

(iv) ग्रह – गृह

(ख) स्वर संधि किसे कहते हैं ? उसके भेदों के नाम बताइए।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए :

महर्षि, उपर्युक्त, उद्योग, उल्लास।

(घ) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों में से किन्हीं **तीन** को शुद्ध कीजिए :

(i) तेरे को उसने क्या कहा ?

(ii) उसका प्राण निकल गया।

(iii) सुनिए, वह किताब पकड़ा दो।

(iv) हम आमों को खा रहे हैं।



(ङ) निम्नलिखित गद्यांश में उचित स्थानों पर विराम-चिह्नों का प्रयोग कीजिए :

वह अपने से रुष्ट हुई उसका मन कठोर हुआ कि वह इस तरह की बात सोचती ही क्यों है छि: यह भी सोचने की बात है उसमें कड़वाहट भी फैली हठात् यह उसके मन को लगता ही है कि देखो उन्होंने एक बार भी नहीं पूछा कि तुम क्या खाओगी 3×5=15

8. निम्नलिखित तकनीकी शब्दावली में से किन्हीं **दस** शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

Admissible, Amenity, Ballot Paper, Charge Sheet, Claimant, Decorum, Finance, Grant, Intention, Jurisdiction, Monopoly, Precedence, Quorum, Recruitment, Stenographer. 10



http://questionpaperesult.com

Scanned by CamScanner